

नवभारत
सतना, शुक्रवार, 03 अप्रैल 2026


# एक टीपी पर चार-चार बार माल खाली कर रहे हैं टेलर और डंफर




**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 2 अप्रैल, आज कई वर्षों से सीधी जिला बैढ़न जिला मऊगंज जिला अंतर्गत जो भी वाहन खनिज संपदा गिट्टी डस्ट, लोड कर कर हाईवा, टेलर, मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश जा रही है.**

यह सभी वाहन ओवरलोड माल लोडकर उत्तर प्रदेश जा रहे है साथ ही साथ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय एवं जिले के अन्य अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त कर यह अवैध धंधा फल फूल रहा है अभी 2 दिन पूर्व नो एंट्री के बाद ही ओवरलोड टेलर से हनुमना बाजार में एक साकेत परिवार की मृत्यु हो गई आखिर नो एंट्री में यह वाहन नगर में कैसे प्रवेश हो गया अन्य अधिकारियों की सहायता पर यह ओवरलोड दलालों के माध्यम से 1 टीपी पर चार छह बार माल खाली कर रहे है उनकी कभी भी इन ओवरलोड वाहनों की जांच नहीं की जाती ओवरलोड गाड़ियों से जगह-जगह सड़क भी खराब हो रही है ओवर लोड गाड़ियों की जांच नहीं की जा रही है ना ही कार्यवाही की जा रही सभी ट्रक मालिकों का स्थानीय अधिकारी से लेकर जिला खनिज अधिकारी तक सुविधा शुल्क के दम पर इन अवैध गाड़ियों पर कार्यवाही नहीं की जाती जिस कारण से आज कई वर्षों से राजस्व की हानि हो रही है. जिला कलेक्टर से यह मांग है कि ओवरलोड वाहन की जांच हो नो एंट्री में गाड़ियां नगर में प्रवेश न करें और 1 टी पी पर चार बार मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश जा रहे हैं वाहनों पर जांच कर विभागीय कार्रवाई की जाए जिस कारण से राजस्व की हानि हो रही है. विभागीय सूत्रों की माने तो यह सब खेल विभाग के ही संरक्षण में चल रहा है. बेखौफ दौड़ रहे वाहनों पर कार्यवाही न होने से हौंसले बुलंद है.

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

## रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और बिजली दरों में बढ़ोतरी वापस लेने की मांग, जमकर की नारेबाजी



**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 2 अप्रैल, कांग्रेस पार्टी ने गुढ़ तहसील कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया एवं राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और बिजली की बढ़ी हुई दरों को तत्काल वापस लेने की मांग की है. यह ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी सुधाकर सिंह गुढ़ के माध्यम से प्रेषित किया गया.**

ज्ञापन में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि की जा रही है, जिससे आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है. महंगाई के कारण घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है और गरीब एवं मध्यम वर्ग आर्थिक संकट से जूझ रहा है.

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के चलते जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है. इसके साथ ही मध्य प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधते हुए कांग्रेस ने बिजली दरों में की गई वृद्धि को जनविरोधी बताया. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एक ओर सरकार बिजली दरें बढ़ा रही है, वहीं दूसरी ओर आवश्यक खाद्य सामग्री के दाम भी आसमान छू रहे हैं.

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने मांग की है कि बढ़ी हुई सभी दरों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके. साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी. इस दौरान कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष सज्जन सिंह, विपिन पाण्डेय, महेन्द्र उपाध्याय, प्रदीप त्रिपाठी, सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### मनगवां में सौपा ज्ञापन

कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांर्ग्रेस कमेटी ग्रामीण के मार्गदर्शन में नगर कांग्रेस कमेटी मनगवां एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी गंगेव के द्वारा संयुक्त तत्वावधान में गैस सिलेण्डर की मूल्य वृद्धि, अनुपलब्धता, बिजली दरो की अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी एवं जनसमस्याओं के विरोध में पांच सूत्रीय ज्ञापन राज्यपाल को संबोधित अनुविभागीय अधिकारी मनगवां को सौपा गया. इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव रवि तिवारी, बबिता साकेत, ब्लाक कांग्रेस गंगेव अध्यक्ष एड0 बलराम गौतम, नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकर राघव तिवारी, डा0 त्रिवेणी मैत्रेय, शरदचन्द्र तिवारी मौजूद रहे.

# गुढ़ प्रीमियर लीग का फाइनल मैच चार को

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 2 अप्रैल, प्रीमियर लीग का फाइनल मैच 04 अप्रैल को समय 01 बजे से पं. वंशवर्धन प्रसाद मिश्र स्टेडियम में टीएनटी क्लब बदवार विरूध्द स्व. नरेन्द्र सिंह स्मिति क्रिकेट क्लब टीकर के बीच खेला जायेगा.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीवा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा होगें तथा अध्यक्षता गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कपिध्वज सिंह करेगें.

फाइनल मैच में विजेता टीम को 51,000/- रूपये तथा उप विजेता टीम को 31,000/- नगद पुरूस्कार के साथ सभी खिलाड़ियो को आकर्षक पुरूस्कार दिये जायेगें. जिन पंचायतो की टीमो ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया है उनसे अपील है कि फानल मैच में निश्चित रूप से उपस्थिति हो.

# गुढ़ में बसों की मनमानी से सवारियां घंटों करती रहीं इंतजार

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 2 अप्रैल, नगर में यातायात व्यवस्था को लेकर गंभीर समस्या सामने आ रही है. क्षेत्र की अधिकांश बसें नगर के अंदर आने के बजाय सीधे नेशनल हाईवे 39 से होकर निकल रही हैं,**

जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वहीं दूसरी ओर सवारियां नेशनल हाईवे 75 पर खड़े होकर बसों का इंतजार करती रहती हैं, लेकिन बस चालक निर्धारित स्टॉप पर रुकने से बचते नजर आ रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार परिवहन विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. यात्रियों, खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और छात्रों को लंबे समय तक सड़क किनारे खड़े रहना पड़ता है, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है. निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बसों को नगर के अंदर निर्धारित स्टॉप तक लाने के लिए सख्त निर्देश दिए जाएं और नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की जाए. नही तो आंदोलन किया जायेगा.



सहकार भारती के पदाधिकारी ज्ञापन सौंपते हुए

# सहकार भारती ने व्यवस्था सुधार के लिए मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**गढ़, 2 अप्रैल, सहकारी समितियों में व्याप्त विसंगतियों और किसानों को आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को लेकर सहकार भारती मध्य प्रदेश ने मोर्चा खोल दिया है.**

प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषि शुक्ला के मार्गदर्शन में सहकार भारती रीवा के विभाग प्रमुख संजय पाण्डेय ने मुख्यमंत्री और कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है. विभाग प्रमुख संजय पाण्डेय ने किसानों की आर्थिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए केसीसी ऋण अदायगी की समय सीमा 31 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल 2026 करने का पुरजोर समर्थन किया है. उपार्जन केंद्रों का विस्तार: किसानों को अपनी फसल बेचने में असुविधा न हो, इसके लिए गेहूं खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है. नियुक्ति में धांधली पर आपत्ति: पत्र के माध्यम से बताया गया कि आईबीपीएस द्वारा चयनित नए प्रबंधकों को कार्यभार देने में बैंक प्रबंधन आनाकानी कर रहा है. संजय पाण्डेय ने मांग की है कि अपात्र और अवैध रूप से जमे कर्मचारियों को हटाकर नए प्रबंधकों को प्रभार सौंपा जाए.अवैध वसूली की जांच: समितियों में किसानों से अंश पूंजी के नाम पर की जा रही 10 प्रतिशत की अवैध वसूली और उसे निजी हित में उपयोग करने के गंभीर आरोपों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है. कई समितियों का प्रभार एक ही प्रशासक के पास होने से वित्तीय अनियमितताएं बढ़ रही हैं, जिससे समितियां निरंतर घाटे में जा रही हैं. ज्ञापन सौंपने में नीतू पाठक, समीर टंडन, पंकज पांडे सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे.



प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बच्चों को साइकल और पुस्तक देकर किया सम्मान

# कुशहा के मुस्लिम बस्ती में चलाया गया गो सम्मान अभियान



**नवभारत न्यूज**
**कटरा, 2 अप्रैल, ग्राम झोंटिया त्योंथर में गौशाला बनाकर गौ सेवा करने वाले डॉ. रोहित तिवारी ने नईगढी तहसील के कुशहा ग्राम पंचायत में गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत मुस्लिम बस्ती में एक कार्यक्रम में भाग लिया.**

कार्यक्रम का आयोजन कुशहा के सरपंच अली अहमद के नेतृत्व में ग्राम वासियों द्वारा किया गया. कार्यक्रम में बोलते हुए डा. रोहित तिवारी ने कहा कि गोवंश को बचाना बहुत जरूरी है, गोकशी बंद होनी चाहिए. श्री तिवारी ने आह्वान किया कि 27 अप्रैल और 27 मई को गो सम्मान दिवस मनाएं. सभी गोवंश प्रेमी अपने तहसील, ब्लाक, अनुमंडल एवं जिला कार्यालय जाकर तहसीलदार, ब्लॉक अधिकारी ,अनुमंडल अधिकारी एवं जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ,राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम उद्देश्यों के पूर्ति के लिए प्रार्थना पत्र दें. समाजसेवी शिवरतन नामदेव ने कहा कि गाय को माता हम इसलिए कहते हैं कि मां के दूध के समान ही गुण गाय के दूध में होता है.

कार्यक्रम में कुशहा सरपंच अली अहमद वक्स, रामखेलावन पटेल, यीशु केसरवानी, हाफिज बख्श, डॉ वकीलअहमद, हनीफ मोहम्मद, शाहिद मोहम्मद, समीर मोहम्मद, शादाब खान, आसिफ मोहम्मद, हीरा बख्श, समीर खान, कयूम मोहम्मद, अभय राज सिंह, लाल बहादुर सिंह, नंदलाल तिवारी, अशोक कुमार तिवारी मौजूद रहे.

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी में हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 2 अप्रैल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करना एवं शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती विमला साकेत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि नीरज निर्मोही का सान्निध्य प्राप्त हुआ. कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी एवं उत्साह साफ दिखाई दिया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ उमेश कुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है.

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें. नवप्रवेशित विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया गया तथा सांकेतिक रूप से साइकिल वितरण भी किया गया. जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला. विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक महेंद्र कुमार शुक्ल ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया. वहीं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अनूप त्रिपाठी ने माँ सरस्वती पर एक मनमोहक बघेली गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया. विशिष्ट अतिथि कवि नीरज निर्मोही ने अपने ओजपूर्ण शब्दों में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी. वहीं श्रीमती विमला साकेत ने एक प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर बच्चों को विद्यालय आने के लिए उत्साहित किया.

# बिजली कनेक्शन कटने से पेयजल के लिए हाहाकार

**नवभारत न्यूज**
**कटरा, 2 अप्रैल, जनपद त्योंथर अंतर्गत ग्राम कटरा में बीते दिन नल जल योजना की सप्लाई करने वाले मोटरों का विद्युत कनेक्शन बिल न जमा होने के कारण काट दिया गया है जिससे पेयजल सप्लाई बंद हो गई है.**

जिसके कारण कटरा बाजार में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है. पहाड पर बसा होने के कारण यहां के कुएं तालाब सब सूखे पड़े हैं. हैंड पंप पानी की जगह हवा उगल रहे हैं ऐसे में पेय जल प्राप्त करने का एकमात्र माध्यम नल जल योजना ही थी वह भी बंद हो गयी. ग्रामवासी सरपंच राजेश सोनी के पास गए उन्होंने बताया कि पेयजल सप्लाई पीएचई विभाग के अधीन है पी एच ई विभाग सुनने को तैयार नहीं है. सरपंच राजेश सोनी से जब पूछा गया कि आखिर ऐसी समस्या आती क्यों हैं तो उन्होंने बताया कि ग्रामवासी विगत कई वर्षों से नल जल योजना का लाभ ले रहे हैं लेकिन जलकर कोई नही देताहै ,जिसके कारण बिजली का बिल नहीं जमा हो पाया और विद्युत कनेक्शन काट दिया गया मैं प्रयास कर रहा हूं कि जल आपूर्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित हो लेकिन ग्राम वासियों को भी चाहिए कि समय पर जलकर जमा करें जिससे भविष्य में ऐसी समस्या ना उत्पन्न हो ग्राम वासियों ने पीएचई विभाग के उच्च अधिकारियों एवं कलेक्टर रीवा से मांग किया है कि जल्द से जल्द पेय जल सप्लाई बहाल की जाए.

# धूप और लू से बचाव के उपाय करें : डॉ . त्रिपाठी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 2 अप्रैल, जिले में पिछले सात दिनों में मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है. छुटपुट वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आई है. लेकिन दिन का तापमान लगातार अधिक बना हुआ है. सुबह 11 बजे के बाद गरम हवाओं का प्रकोप होने लगता है.**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है. उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें. जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है. आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले. जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं. खाली पेट घर से बाहर न जायें. इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है. दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें. लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं. बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें. पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें. लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें. बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है. अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें. इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरते.



# अध्यक्ष के नेतृत्व में तहसीलदार कार्यालय के समक्ष किया गया धरना प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**सिरमौर 2 अप्रैल। प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नगर सिरमौर के अध्यक्ष बृजेश पांडेय के नेतृत्व मे कई सैंक?ों की तादात मे तहसील सिरमौर कर्यालय के प्रांगण मे जन समस्या को लेकर 12बजे से 3 बजे तक धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार विंध्या मिश्रा को 5 सूत्रीय ज्ञापन राज्य पाल के नाम दिया गया।**

जिसमे गैस सिलेंडरध्पेट्रोल के बढ़ते दाम व किल्लत के संदर्भ में मनमानी तरीके से दिए जा रहे बिजली बिल के संदर्भ में एवं महगाई के संदर्भ मे ज्ञापन सौपा गया इस अवसर पर नगर अध्यक्ष बृजेश पांडे के आयोजन में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामगरीब बनवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता गणेश पांडेय जी जिला महामंत्री ब्लॉक प्रभारी लालगांव राजेश पाण्डेय राजू जिला महामंत्री ब्लॉक प्रभारी मझियार दीपू पंडित रामनरेश बढ़ई पूर्व अध्यक्ष नगरपरिषद चरण सिंह जी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सिंह नगर अध्यक्ष बैकुंठपुर शिवेंद्र सिंह पूर्व सोसायटी अध्यक्ष एड कमलेश कुशवाहा पूर्व उपाध्यक्ष संतोष सिंह किसान कांग्रेस एड राकेश पाण्डेय रामसखा पाण्डेय डिहिया अरुण पाण्डेय पुर्वा मंडलम उदय प्रकाश पाण्डेयए केशव तिवारीए सुरेश उर्मिलियाए रामसूरत द्विवेदी दिनेश मिश्रा पडरी बांकेलाल शुक्ला मऊ लल्लू लोधी पूर्व पार्षद श्रवण सिंगरौल नागेंद्र सिंह सदहना अनिल द्विवेदी डोल व्यास पाण्डेय नंदू सोनी नीरज सोनी आनंद मिश्रा ललित सेन रामकृष्ण गौतम उमरी राजेंद्र द्विवेदी उमरी मंडलम अध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा डोल देवेंद्र द्विवेदी डोल पप्पू कोरी आदि कई सैकड़ों के तादात मे कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# नरवाई जलाने की घटनाओं की जांच व रोकथाम के लिए दल का गठन

**नवभारत न्यूज**
**पन्ना, 02 अप्रेल। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने पन्ना जिला अंतर्गत किसानों द्वारा नरवाई जलाने की घटनाओं की जांच तथा इसकी रोकथाम के उद्देश्य से जांच दल का गठन किया है।**

जांच दल में सहायक संचालक कृषि उत्तम सिंह बागरी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि दल में संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, क्षेत्रीय हल्का पटवारी तथा कृषि विस्तार अधिकारी को भी शामिल किया गया है। नोडल अधिकारी को प्रत्येक दिवस पोर्टल पर प्रदर्शित नरवाई जलने की घटनाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को सूचित करने तथा मौके पर जाकर एवं जांच कर पंचनामा कार्यवाही के उपरांत संयुक्त हस्ताक्षरित जांच प्रतिवेदन उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को सौंपने के लिए निर्देशित किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य की सतत निगरानी कर घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विदित हो कि गत 15 मार्च से सेटेलाईट के माध्यम से पोर्टल पर नरवाई जलाने की घटनाएं प्रदर्शित की जा रही हैं।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभा यात्रा

## गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**पवई 2 अप्रैल। कलयुग के राजा भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव पर देशभर के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ दर्शन करने के लिए देखी जा रही हैएइसके साथ ही विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम अनुष्ठान पूजनए सुंदर कांड पाठए भंडारा इत्यादि का भी आयोजन किया जा रहा है।**

पन्ना जिले के पवई में भी बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम उत्साह एवं धूमधाम तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में गाजे बाजे के साथ विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गयाएसर्वप्रथम पवई नगर के स्थानीय जगदीश स्वामी मंदिर में सुंदरकांड पाठ और आरती हुई तत्पश्चात शोभायात्रा प्रारंभ हुईएजो अजय मेडिकलएसुभाष चौकएगांधी चौकएझंडा बाजारएखटीक मोहल्लाए मोहन्द्रा तिराहा से होकर करही मोड पहुंची जहां हनुमान मंदिर में महराज की आरती की गई.

उसके बाद शोभायात्रा मिलौनीगंज से होते हुए बस स्टैंड और पुन: जगदीश स्वामी मंदिर पहुंची जहां समापन हुआ ए और प्रसाद वितरण किया गया। जगह.जगह नगर वासियों के द्वारा शोभायात्रा के दौरान महराज की पूजा आरती की गई। इस दौरान हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एसडीएम समीक्षा जैन ए तहसीलदार रत्न राशि पाण्डेय एसडीओपी भावना दांगी सहित पुलिस बल भी शोभायात्रा के साथ मौजूद रहा।

# समीक्षा बैठक 4 को

पन्ना, 02 अप्रेल। संपूर्णता अभियान अंतर्गत पन्ना जिले के आकांक्षी विकासखंड अजयगढ़ में विभाग स्तर पर समस्त अपेक्षित कार्यवाही की पूर्णता के संबंध में शनिवार, 4 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस अभियान अंतर्गत आकांक्षी ब्लॉक के समस्त बिंदुओं के संदर्भ में आगामी 14 अप्रैल तक शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जाना है। जिला पंचायत सीईओ द्वारा संबंधित अधिकारियों को समीक्षा बैठक में नियत एजेंडा अनुसार स्वयं विभागीय जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रतिनिधि मान्य नहीं किया जाएगा।